# वाक्य संश्लेषण

**संश्लेषण** का शाब्दिक अर्थ है मिलाना या जोड़ना। अनेक वाक्यों को मिलाकर एक वाक्य बनाना ही **वाक्य संश्लेषण** कहलाता है। वाक्य संश्लेषण वाक्य विश्लेषण का विपरीतार्थक होता है। वाक्य विश्लेषण में सुगठित वाक्य टुकड़े टुकड़े करके समझते है जबकि वाक्य संश्लेषण में हम खंड-खंड वाक्यों तथा वाक्यांशों को जोड़कर एक वाक्य में परिवर्तित करते हैं।

**वाक्य संश्लेषण में आवश्यक बातें–**

1. मुख्य क्रिया को चुनना।
2. वाक्यों में से पदबंध बनाना।
3. प्राय: पूर्वकालिक क्रिया का प्रयोग करना।
4. उपसर्ग-प्रत्ययों से नवीन शब्दों को बनाना।
5. वाक्यों के केंद्रीय भाव को बनाए रखना।

**उदाहरण–**

क. शीला बाज़ार गई। शीला ने संतरे खरीदे। उसने वे संतरे अपने बेटे को दिए।

**संश्लेषण–** शीला ने बाज़ार से संतरे खरीदकर अपने बेटे को दिए।

ख. राधा मेरी सखी है। वह मेरे घर आई। वह मेरी घड़ी उठाकर ले गई।

**संश्लेषण–** मेरी सखी राधा मेरे घर में आकर मेरी घड़ी उठाकर ले गई।

ग. मैं अकेला था। तीन गुंडों ने मुझे बहुत पीटा। उन्होंने मुझे जंगल में फेंक दिया।

**संश्लेषण–** मुझ अकेले को तीन गुंडों ने पीटकर एक जंगल में फेंक दिया।

घ. मैंने एक रीछ देखा। वह हिंसक था। वह झाड़ी में सो रहा था।

**संश्लेषण–** मैंने एक हिंसक रीछ झाड़ी में सोते हुए देखा।

ङ. योगेश गाँव गया। वहाँ वह सबसे हिल-मिल गया। वह सबका प्रिय हो गया।

**संश्लेषण–** योगेश गाँव में सबसे हिल-मिलकर रहा और सबका प्रिय हो गया।

च. कल बहुत ओले पड़े। किसानों की फसल तहस-नहस हो गई।

**संश्लेषण–** कल के भारी ओलों से किसानों की फसल तहस-नहस हो गई।

**विशेष–** वाक्य संश्लेषण में एक से अधिक सरल वाक्यों को एक सरल, मिश्र व एक संयुक्त वाक्य में संश्लिष्ट किया जाता है। जैसे–

**क. आज बहुत वर्षा हुई। आज की वर्षा से बाढ़ आ गई।**

**सरल वाक्य** – आज की मूसलाधार वर्षा से बाढ़ आ गई।

**मिश्र वाक्य** – आज बहुत वर्षा हुई और इसी कारण बाढ़ आ गई।

**संयुक्त वाक्य** – चूँकि आज मूसलाधार वर्षा हुई अत: बाढ़ आ गई।



Scanned by TapScanner

ख. **छात्र स्कूल गए। वहाँ वे ध्यानपूर्वक पढ़ने लगे।**

सरल वाक्य – छात्र स्कूल जाकर ध्यानपूर्वक पढ़ने लगे।

मिश्र वाक्य – जब छात्र स्कूल गए तब वे ध्यानपूर्वक पढ़ने लगे।

संयुक्त वाक्य – छात्र स्कूल गए और वहाँ ध्यानपूर्वक पढ़ने लगे।

ग. **सूर्योदय हुआ। अंधेरा गायब हो गया।**

सरल वाक्य – सूर्योदय होने पर अंधेरा गायब हो गया।

मिश्र वाक्य – जैसे ही सूर्योदय हुआ, वैसे ही अंधेरा गायब हो गया।

संयुक्त वाक्य – सूर्योदय हुआ और अंधेरा गायब हो गया।

घ. **शोभा शिरडी गई। वहाँ उसने बाबा की पूजा आरंभ कर दी।**

सरल वाक्य – शिरडी जाकर शोभा ने बाबा की पूजा आरंभ कर दी।

मिश्र वाक्य – जब शोभा शिरडी गई तब उसने वहाँ बाबा की पूजा आरंभ कर दी।

संयुक्त वाक्य – शोभा शिरडी गई और उसने वहाँ बाबा की पूजा करनी आरंभ कर दी।

ङ. **गौरव चार दिन गाँव में रहा। वह सबका प्रिय हो गया।**

सरल वाक्य – गौरव चार दिन गाँव में रहकर सबका प्रिय हो गया।

मिश्र वाक्य – जब गौरव चार दिन गाँव में रहा, तब वह सबका प्रिय हो गया।

संयुक्त वाक्य – गौरव चार दिन गाँव में रहा और सबका प्रिय हो गया।

## वाक्य-रूपांतरण

वाक्य रूपांतरण के अंतर्गत एक वाक्य को दूसरे प्रकार से परिवर्तित किया जाता है। सरल वाक्य को संयुक्त एवं मिश्र वाक्य बनाना, संयुक्त वाक्य को सरल एवं मिश्र वाक्य बनाना तथा मिश्र वाक्य को सरल वाक्य बनाना **वाक्य रूपांतरण** है।

उदाहरण–

1. **सरल वाक्यों से संयुक्त वाक्य में रूपांतरण**

| सरल वाक्य | संयुक्त वाक्य |
|---|---|
| (i) मोहन आकर पढ़ने लगा। | मोहन आया और पढ़ने लगा। |
| (ii) बिना घबराए पाठ पढ़ो। | घबराओ मत और पाठ पढ़ो। |
| (iii) माँ ने सोहन को डाँटकर सुलाया। | माँ ने सोहन को डाँटा और सुला दिया। |
| (iv) छात्र पाठ पढ़कर चले गए। | छात्रों ने पाठ पढ़ा और वे चले गए। |



Scanned by TapScanner

| | |
|---|---|
| (v) आप पाठ पढ़कर आराम करें। | आप पाठ पढ़ें और आराम करें। |
| (vi) सुबह होते ही चिड़ियाँ चहचहाने लगीं। | सुबह हुई और चिड़ियाँ चहचहाने लगीं। |
| (vii) कठोर बनकर भी सहृदय बनो। | कठोर बनो परंतु सहृदय रहो। |
| (viii) बच्चे दूध पीकर सो गए। | बच्चों ने दूध पिया और सो गए। |
| (ix) अमित खेल और पढ़ाई दोनों में अच्छा है। | अमित खेल में भी अच्छा है और पढ़ाई में भी। |
| (x) महात्मा आशीर्वाद देकर गायब हो गया। | महात्मा ने आशीर्वाद दिया और गायब हो गया। |

**2. सरल वाक्यों से मिश्र वाक्यों में रूपांतरण**

| सरल वाक्य | मिश्र वाक्य |
|---|---|
| (i) अध्यापक के सामने सब शांत रहते हैं। | जब अध्यापक सामने होते हैं सब शांत रहते हैं। |
| (ii) परिश्रमी छात्र सदा उत्तीर्ण होते हैं। | जो छात्र परिश्रमी होते हैं, वे सदा उत्तीर्ण होते हैं। |
| (iii) वर्षा होने पर मोर नाचने लगे। | जब वर्षा होती है, मोर नाचने लगते हैं। |
| (iv) मजदूर गंदी बस्ती में रहते हैं। | जहाँ मजदूर रहते हैं, वह बहुत गंदी बस्ती है। |
| (v) मैंने एक मेहनती किसान देखा। | मैंने एक किसान देखा, जो बहुत मेहनती था। |
| (vi) टोपी वाले नेता को बुलाओ। | उस नेता को बुलाओ, जिसने टोपी पहनी हुई है। |
| (vii) सच्चे आदमी को कोई डर नहीं। | जो आदमी सच्चा होता है, उसे कोई डर नहीं। |
| (viii) दवा पीते ही रोगी को उल्टी हो गई। | ज्यों ही रोगी ने दवा पी, उसे उल्टी हो गई। |
| (ix) छात्र पढ़ने के लिए स्कूल चले गए। | छात्र स्कूल चले गए क्योंकि उन्हें पढ़ना था। |
| (x) अमर हिंदी पढ़ने के लिए शर्मा जी के यहाँ गया। | अमर को हिंदी पढ़नी थी इसलिए वह शर्मा जी के यहाँ गया। |

**3. संयुक्त वाक्यों से सरल वाक्यों में रूपांतरण**

(i) **संयुक्त** – पिताजी घर आए और सौरभ चला गया।
**सरल** – पिताजी के घर आते ही सौरभ चला गया।

(ii) **संयुक्त** – नौकर बाजार गया और नींबू ले आया।
**सरल** – नौकर बाज़ार जाकर नींबू ले आया।

(iii) **संयुक्त** – सीमा गा रही है और नाच रही है।
**सरल** – सीमा गा-नाच रही है।

(iv) **संयुक्त** – पंडितों ने खाना खाया और वे चले गए।
**सरल** – खाना खाकर पंडित चले गए।



Scanned by TapScanner

(vi) संयुक्त – मैंने रामू को समझाया और उसने बात मान ली।
सरल – मेरे समझाने पर रामू ने बात मान ली।

(vi) संयुक्त – वह अपराधी था, इसलिए उसे सजा मिली।
सरल – अपराधी होने के कारण उसे सजा मिली।

(vii) संयुक्त – सोमवार को हड़ताल है अत: दिल्ली बंद रहेगी।
सरल – हड़ताल होने के कारण सोमवार को दिल्ली बंद रहेगी।

(viii) संयुक्त – सुबह की पहली बस पकड़ो और शाम तक लौट आओ।
सरल – सुबह की पहली बस पकड़कर शाम तक लौट आओ।

(ix) संयुक्त – आप मिठाई खाएँ और मज़े करें।
सरल – आप मिठाई खाकर मज़े करें।

(x) संयुक्त – शोभना नौकरी करेगी अथवा गौरव नौकरी करेगा।
सरल – शोभना या गौरव में से कोई एक नौकरी करेगा।

### 4. मिश्र वाक्यों का सरल वाक्यों में रूपांतरण

(i) मिश्र वाक्य – जब मैं स्टेशन पहुँचा, गाड़ी छूट चुकी थी।
सरल – मेरे स्टेशन पहुँचने से पहले ही गाड़ी छूट चुकी थी।

(ii) मिश्र वाक्य – जो लोग गरीबों की मदद करते हैं, वे अच्छे लगते हैं।
सरल – गरीबों की मदद करने वाले लोग अच्छे लगते हैं।

(iii) मिश्र वाक्य – जो लोग नशा करते हैं, मुझे अच्छे नहीं लगते हैं।
सरल – नशा करने वाले लोग मुझे अच्छे नहीं लगते।

(iv) मिश्र वाक्य – जो झूठ बोलते हैं, उन पर विश्वास मत करो।
सरल – झूठ बोलने वालों पर विश्वास मत करो।

### 5. मिश्र वाक्यों का संयुक्त वाक्यों में रूपांतरण

(i) मिश्र वाक्य – जब सेठ जी ने थैला उठाया तब वे दुकान पर चले गए।
संयुक्त वाक्य – सेठ जी ने थैला उठाया और दुकान पर चले गए।

(ii) मिश्र वाक्य – मेरे गुरु जी वे हैं, जो गद्दी पर बैठे हैं।
संयुक्त वाक्य – वे मेरे गुरु जी हैं और गद्दी पर बैठे हैं।

(iii) मिश्र वाक्य – जो छात्र परिश्रमी होता है, वह अवश्य सफल होता है।
संयुक्त वाक्य – छात्र परिश्रमी होता है तो अवश्य सफल होता है।

(iv) मिश्र वाक्य – सुंदर इसलिए कार्यालय नहीं गया क्योंकि वह बीमार है।
संयुक्त वाक्य – सुंदर बीमार है इसलिए कार्यालय नहीं गया।



Scanned by TapScanner

## निर्देशानुसार वाक्य बदलिए–

1. मेहनत करने पर भी गरीबों को भरपेट रोटी नहीं मिलती। (संयुक्त वाक्य में)

   → गरीब मेहनत करते हैं परंतु उन्हें भरपेट रोटी नहीं मिलती।

2. वह खेल-कूदकर पढ़ने लगा। (मिश्र वाक्य में)

   → जब वह खेल-कूद चुका तो पढ़ने लगा।

3. वह छात्रा पढ़कर स्कूल से चली गई। (संयुक्त वाक्य में)

   → वह छात्रा पढ़ी और स्कूल से चली गई।

4. मैंने कार चला रहे युवक को देखा। (मिश्र वाक्य में)

   → मैंने उस युवक को देखा, जो कार चला रहा था।

5. घर जाकर गृहकार्य पूरा करो। (संयुक्त वाक्य में)

   → घर जाओ और गृहकार्य पूरा करो।

6. कृपया सभी यहाँ आकर बैठ जाएँ। (संयुक्त वाक्य में)

   → कृपया सभी यहाँ आएँ और बैठ जाएँ।

7. जो समय पर काम करते हैं उन्हें पछताना नहीं पड़ता। (सरल वाक्य में)

   → समय पर काम करने वालों को पछताना नहीं पड़ता।

8. आप अंदर बैठकर देर तक बातें करें। (संयुक्त वाक्य में)

   → आप अंदर बैठें और देर तक बातें करें।

9. तताँरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी। (संयुक्त वाक्य में)

   → उसने तताँरा को देखा और फूटकर रोने लगी।

10. बादल घिर आए और वर्षा होने लगी। (मिश्र वाक्य में)

    → ज्यों ही बादल घिर आए, वर्षा होने लगी।

Scanned by TapScanner

# अभ्यास–प्रश्न

1. संज्ञा, विशेषण और क्रिया-विशेषण उपवाक्यों से दो-दो वाक्य बनाइए।
2. निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार रूपांतरण कीजिए–
   - क. घंटी बजते ही उत्तर पुस्तिकाएँ ले ली गईं। (संयुक्त वाक्य में)
   - ख. दिल्ली भारत की राजधानी है। (मिश्र वाक्य में)
   - ग. वह खाना खाकर सो गया। (संयुक्त वाक्य में)
   - घ. उसने नौकरी के लिए प्रार्थना-पत्र लिखा। (मिश्र वाक्य में)
   - ङ. वह घर गया और काम में लग गया। (सरल वाक्य में)
3. निम्नलिखित सरल वाक्यों का मिश्र वाक्य में रूपांतरण कीजिए–
   - क. वर्षा के आ जाने से सब खुश होकर नाचने लगे।
   - ख. शाम होते-होते मैं घर पहुँच गया।
   - ग. शेर को देखते ही वे डरने लगे।
   - घ. दुष्ट लोगों से बचकर रहना चाहिए।
   - ङ. तुम्हारी पुस्तक कहाँ है?
   - च. स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत हुई।
4. निम्नलिखित वाक्यों का संश्लेषण कीजिए–
   - क. वह ईमानदार है। वह होनहार भी है।
   - ख. बच्चे परिश्रमी हैं। वे सफल अवश्य होंगे।
   - ग. उसके पास एक कलम है। कलम लाल रंग की है।
   - घ. वह एक मजदूर है। वह गाँव से आया है।
   - ङ. आज दीपावली है। लोग पटाखे चलाएँगे।
   - च. तुम गाँव जाओ। वहाँ तुम्हें शुद्ध दूध मिलेगा।
5. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–
   - क. सीता ने पाठ पढ़ा और सो गई। (वाक्य का प्रकार बताइए)
   - ख. ज्यों ही ट्रेन आई लोग उसमें बैठ गए। (वाक्य का प्रकार बताइए)
   - ग. जब बरसात होती है तभी मोर बोलते हैं। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
   - घ. जागते ही उसने पढ़ना शुरू कर दिया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
6. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–
   - क. सूर्य के उदित होते ही अंधकार नष्ट हो जाता है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
   - ख. मेरा एक भाई स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुका है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)
   - ग. तुम जाकर उसको समझाओ। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)
   - घ. मैं स्टेशन से बाहर आकर घर चला गया। (वाक्य का प्रकार बताइए)



Scanned by TapScanner

7. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–**

क. तुम्हारे आदेश के कारण ही मैं वहाँ गया था। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ख. उसने एक ऐसा कार्य किया जो अत्यन्त प्रशंसा के योग्य है। (वाक्य भेद बताइए)

ग. चिंतनशील व्यक्ति ही इस पद पर पहुँच पाता है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

घ. सभा में दिया गया मेरा भाषण अखबारों में छप गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

8. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–**

क. नवनीत सबसे बड़ा है इसलिए सभी उसको प्रणाम करते हैं। (सरल वाक्य में बदलिए)

ख. वह कार तेजी से आकर खंभे से टकरा गई। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ग. वह बहुत प्रतिभाशाली है और पुरस्कार प्राप्त करके ही रहेगा। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

घ. नौकरानी आई। अपना काम किया। वह चली गई। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

9. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–**

क. तुम उस बाज़ार में जाना जहाँ पुस्तक मिलती है। (वाक्य का प्रकार लिखिए)

ख. वह सवेरे उठते ही नहा-धोकर मंदिर चला जाता है। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

ग. मैं चाहता हूँ कि मैं अपनी संतान को योग्य बनाऊँ। (सरल वाक्य में बदलिए)

घ. शहर में जिसकी आय कम होती है वे दुखी ही रहते हैं। (वाक्य भेद बताइए)

10. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–**

क. मेहनत करने पर भी गरीबों को भरपेट रोटी नहीं मिलती। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

ख. मैंने कार चला रहे युवक को देखा। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

ग. जो समय पर काम करते हैं, उन्हें पछताना नहीं पड़ता। (सरल वाक्य में बदलिए)

घ. बादल घिर आए और वर्षा होने लगी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

11. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–**

क. उन्हें लगता था कि नमक कर एक सामान्य मुद्दा है। (सरल वाक्य में बदलिए)

ख. वे चाहते थे कि मैं भी वहीं बैठूँ। (वाक्य भेद बताइए)

ग. एक चिड़िया हमारी खिड़की पर डरी-डरी बैठी थी। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

घ. नेताजी की मूर्ति बनाने का काम स्थानीय कलाकार ने मजबूरी में किया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

12. **निर्देशानुसार उत्तर दीजिए–**

क. एक तुमने ही इस जादू पर विजय प्राप्त की है। (वाक्य भेद बताइए)

ख. गगन ने शीत से बचने के लिए हाथ जेब मे डाला तो कागज का एक टुकड़ा निकला। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

ग. अंग्रेजी शासकों को उम्मीद थी कि डांडी यात्रा खुद ही कमजोर पड़कर खत्म जो जाएगी। (वाक्य भेद बताइए)

घ. इन लोगों की छत्रछाया हटी और मुझे अपने वजूद का एहसास हुआ। (सरल वाक्य में बदलिए)



Scanned by TapScanner

## बहुविकल्पी प्रश्न

1. निर्देशानुसार कीजिए–

(क) **मैंने एक दुबली-पतली लड़की को कपड़े धोते देखा। (इसका मिश्र वाक्य क्या बनेगा?)**

(*i*) एक दुबली-पतली लड़की कपड़े धो रही थी।

(*ii*) मैंने एक दुबली-पतली लड़की देखी और वह कपड़े धो रही थी।

(*iii*) मैंने एक दुबली-पतली लड़की देखी जो कपड़े धो रही थी।

(*iv*) दुबली-पतली लड़की कपड़े धो रही थी।

(ख) **माताजी ने आटा गूँधकर रोटी बनाई। (इसका संयुक्त वाक्य क्या बनेगा?)**

(*i*) जब माताजी ने आटा गूँधा तब रोटी बनाई।

(*ii*) माताजी ने आटा गूँधा और रोटी बनाई।

(*iii*) आटा गूँधकर माताजी ने रोटी बनाई।

(*iv*) जैसे ही माताजी ने आटा गूँधा, तो रोटी बनाई।

(ग) **सुबह होते ही पक्षी चहचहाने लगे। (मिश्र वाक्य बनाइए)**

(*i*) सुबह पक्षी चहचहाने लगे।

(*ii*) जब सुबह हुई तो पक्षी चहचहाने लगे।

(*iii*) सुबह हुई और पक्षी चहचहाने लगे।

(*iv*) जैसे ही सुबह होती है, पक्षी चहचहाने लगते हैं।

(घ) **दोनों वाक्यों को जोड़कर एक संयुक्त वाक्य का सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

**(अ) छुट्टी की घंठी बजी।**

**(आ) बच्चे घर चले गए।**

(*i*) छुट्टी की घंटी बजते ही बच्चे घर चले गए।

(*ii*) जब छुट्टी की घंटी बजी तो बच्चे घर चले गए।

(*iii*) छुट्टी की घंटी बजी और बच्चे घर चले गए।

(*iv*) छुट्टी की घंटी बजती है तो बच्चे घर चले जाते हैं।

(ङ) **मैं पुस्तक लिख रहा हूँ। (वाक्य-भेद बताइए)**

(*i*) सरल वाक्य (*ii*) संयुक्त वाक्य

(*iii*) मिश्र वाक्य (*iv*) अन्य



Scanned by TapScanner

2. वाक्य-भेद सही विकल्प चुनिए–

(क) जो परिश्रम करते हैं वे विद्यार्थी सदा सफल होते हैं। रचना के आधार पर वाक्य भेद है–

(*i*) संयुक्त (*ii*) मिश्रित

(*iii*) संकेतवाचक (*iv*) सरल

(ख) <u>मैं स्टेशन पहुँचा और गाड़ी स्टेशन से चल पड़ी</u>। रेखांकित वाक्य है–

(*i*) मिश्रित वाक्य (*ii*) संकेतवाचक

(*iii*) संयुक्त वाक्य (*iv*) विस्मयादिबोधक

(ग) यह कहना सर्वथा असत्य है कि <u>शीला ने तुम्हारी निंदा की</u>। रेखांकित आश्रित उपवाक्य का सही नाम छाँटिए–

(*i*) संज्ञा आश्रित उपवाक्य (*ii*) विशेषण आश्रित उपवाक्य

(*iii*) क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य (*iv*) अन्य

(घ) <u>जहाँ-जहाँ विनोवा भावे गए</u>, उन्हें पर्याप्त भूमि दान में मिली।

(*i*) संज्ञा आश्रित उपवाक्य (*ii*) विशेषण आश्रित उपवाक्य

(*iii*) क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य (*iv*) अन्य

(ङ) <u>जो लोग शराब पीते हैं</u>, वे हमें अच्छे नहीं लगते।

(*i*) संज्ञा आश्रित उपवाक्य (*ii*) विशेषण आश्रित उपवाक्य

(*iii*) क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य (*iv*) अन्य

Scanned by TapScanner